## Title: Request to modify the list for people living below poverty line to include more poor.

**श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : अध्यक्ष महोदय, गरीबी रेखा सूची के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा इत्यादि राज्यों में जो सर्वेक्षण किया गया है वह ठीक नहीं हुआ है और 40 प्रतिशत से ज्यादा गरीब लोगों का नाम गरीबी रेखा सूची में नहीं है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि सभी राज्य सरकारों को निर्देश दें कि जिन गरीबों का नाम गरीबी रेखा सूची में नहीं है उनको सूचीबद्ध किया जाए ताकि उनको जो कम कीमत पर चावल, गेहूं इत्यादि सामान मिलता है, वह मिले और गरीब होने का सबसे बड़ा प्रमाणपत्र ही यही है कि उसका नाम गरीबी रेखा सूची में होना चाहिए। इसलिए आपके माध्यम से आग्रह है कि सभी राज्य सरकारों को निर्देश दें कि गरीबी रेखा सूची में जिन लोगों का नाम नहीं है, उनको उसमें जोड़ा जाए।**